# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन ० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/11/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** एक पिंड को ऊँचाई से गिराया जाता है। यदि यह 3.0 s तक गिरता है और g = 10 $m/s^2$ है, तो इसका अंतिम वेग (v) कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 30 m/s
- ✘ B. 20 m/s
- ✘ C. 10 m/s
- ✘ D. 40 m/s

**Q.2** साबुन की मार्जन क्रिया में मिसेल (micelles) की मुख्य भूमिका क्या है?

Ans
- ✘ A. जल की कठोरता कम करना
- ✘ B. जल से फेन उत्पन्न करना
- ✘ C. जल के पृष्ठ तनाव में वृद्धि करना
- ✔ D. कपड़ों से तेल और गंदगी को ट्रैप करना और हटाना

**Q.3** लेंस की शक्ति को ................ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

Ans
- ✘ A. इसकी फोकस दूरी के वर्ग
- ✔ B. मीटर में इसकी फोकस दूरी के व्युत्क्रम
- ✘ C. इसकी फोकस दूरी और अपवर्तनांक के गुणनफल
- ✘ D. छवि दूरी और वस्तु दूरी के अनुपात

**Q.4** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

Ans
- ✘ A. किया गया कार्य केवल धनात्मक ही हो सकता है।
- ✘ B. किया गया कार्य केवल ऋणात्मक ही हो सकता है।
- ✔ C. किया गया कार्य बल की दिशा के आधार पर धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है।
- ✘ D. किया गया कार्य बल या विस्थापन पर निर्भर नहीं करता है।

**Q.5** निम्नलिखित में से किसका उपयोग विलयन की सांद्रता को व्यक्त करने के लिए नहीं किया जाता है?

Ans
- ✘ A. विलयन का द्रव्यमान-आयतन प्रतिशत
- ✘ B. किसी विलयन का द्रव्यमान-द्रव्यमान प्रतिशत
- ✔ C. विलयन का आयतन-द्रव्यमान प्रतिशत
- ✘ D. विलयन का आयतन-आयतन प्रतिशत

Q.6 अस्थमा मुख्यत: श्वसन तंत्र के किस भाग को प्रभावित करता है?

Ans

- ✗ A. श्वासनली (Trachea)
- ✗ B. डायाफ्राम (Diaphragm)
- ✓ C. ब्रोंकी और ब्रॉन्किओल्स (Bronchi and bronchioles)
- ✗ D. एल्वियोली (Alveoli)

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, सक्रियता श्रेणी के मध्य में निष्कर्षित की जाती है?

Ans

- ✗ A. सोडियम
- ✗ B. पोटैशियम
- ✗ C. सोना
- ✓ D. लोहा

Q.8 जब मुद्रित सामग्री पर एक मोटी कांच की पट्टी रखी जाती है, तो अक्षर उभरे हुए दिखाई देते हैं। ऐसा __________ के कारण होता है।

Ans

- ✓ A. प्रकाश के अपवर्तन
- ✗ B. प्रकाश के ध्रुवीकरण
- ✗ C. पूर्ण आंतरिक परावर्तन
- ✗ D. प्रकाश के प्रकीर्णन

Q.9 जब जल और पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं, तो शैवाल ________ प्रक्रिया द्वारा तेजी से वृद्धि करते हैं और गुणित होते हैं।

Ans

- ✗ A. मुकुलन (budding)
- ✓ B. खंडीभवन (fragmentation)
- ✗ C. परागण (pollination)
- ✗ D. बीजाणु निर्माण (spore formation)

Q.10 क्या होता है जब जिंक की छड़ को जलीय कॉपर सल्फेट विलयन में रखा जाता है?

Ans

- ✗ A. कोई रासायनिक परिवर्तन नहीं देखा गया।
- ✓ B. कॉपर सल्फेट विलयन का नीला रंग फीका पड़ जाता है।
- ✗ C. विलयन का तापमान गिर जाता है।
- ✗ D. अभिक्रिया प्रारंभ करने के लिए ऊष्मा की आवश्यकता होती है।

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
कथन 1: विभवांतर को वोल्ट में मापा जाता है।
कथन 2: एक वोल्ट एक न्यूटन प्रति कूलॉम के बराबर है।

Ans

- ✗ A. कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।
- ✓ B. केवल कथन 1 सही है।
- ✗ C. केवल कथन 2 सही है।
- ✗ D. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

Q.12 वह कौन-से पोल्ट्रि पक्षी हैं जिन्हे अंडे उत्पादन के लिए पाला जाता है?

Ans

- ✗ A. कॉमन कार्प (Common carp)
- ✗ B. मिल्च (Milch)
- ✓ C. लेयर (Layers)
- ✗ D. ब्रॉयलर (broilers)

Q.13 कोशिका विभाजन की किस विधि द्वारा द्विगुणित गुणसूत्रों को अगुणित युग्मकों में विभाजित किया जाता है?

Ans
- ✗ A. द्वि-खंडन (Binary Fission)
- ✗ B. असूत्रीविभाजन (Amitosis)
- ✗ C. सूत्रीविभाजन (Mitosis)
- ✓ D. अर्धसूत्री विभाजन (Meiosis)

Q.14 एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 50 Hz है। एक तरंग पूरी होने में इसे कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 0.2 s
- ✗ B. 50 s
- ✗ C. 5 s
- ✓ D. 0.02 s

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सी जीवन प्रक्रिया, प्रजातियों में विविधता लाने के लिए महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✓ A. लैंगिक जनन (Sexual reproduction)
- ✗ B. स्वपोषी पोषण (Autotrophic nutrition)
- ✗ C. विषमपोषी पोषण (Heterotrophic nutrition)
- ✗ D. परिवहन (Transportation)

Q.16 वह प्रकार्यात्मक समूह जिसमें ऑक्सीजन विषम परमाणु (oxygen hetero atom) नहीं होता है, __________ है।

Ans
- ✓ A. हेलो ऐल्केन (halo alkane)
- ✗ B. कार्बोक्सिलिक अम्ल (carboxylic acid)
- ✗ C. कीटोन (ketone)
- ✗ D. ऐल्कोहॉल (alcohol)

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन स्थिर अनुपात के नियम का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. किसी यौगिक में तत्व सदैव यादृच्छिक अनुपात में पाए जाते हैं।
- ✗ B. किसी अभिक्रिया के दौरान परमाणुओं को लघु कणों में विभाजित किया जा सकता है।
- ✗ C. रासायनिक अभिक्रिया में द्रव्यमान का न तो निर्माण हो सकता है और न ही विनाश।
- ✓ D. किसी रासायनिक यौगिक में समान तत्व सदैव द्रव्यमान के समान अनुपात में होते हैं।

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वृत्तीय गति का एक उदाहरण प्रस्तुत करता है?

Ans
- ✗ A. अपने मार्ग पर त्वरित होती एक कार
- ✓ B. नियत चाल से घूर्णन करती पंखे की ब्लेड
- ✗ C. ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंकी गई गेंद
- ✗ D. अपनी पटरी पर गतिमान एक ट्रेन

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा पादप ऊतक प्रकाश संश्लेषण करता है?

Ans
- ✗ A. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)
- ✗ B. जाइलम (Xylem)
- ✓ C. हरित ऊतक (Chlorenchyma)
- ✗ D. पोषवाह (Phloem)

Q.20 एक कुंडली का प्रतिरोध 44 Ω है। यदि इसे 220 V की आपूर्ति से जोड़ा जाए, तो कुंडली द्वारा खपत की गई शक्ति कितनी है?

Ans
- ✗ A. 0.2 W
- ✓ B. 1100 W
- ✗ C. 110 W
- ✗ D. 5 W

**Q.21** पृथ्वी की परिक्रमा एक वृत्तीय पथ पर नियत गति से करने वाले उपग्रह की गति एकसमान वृत्तीय गति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस गति का कौन-सा गुण इसके त्वरण को शून्य होने से रोकता है?

**Ans**

✗ A. कक्षीय गतिकी के कारण वस्तु का द्रव्यमान निरंतर बदलता रहता है।

✗ B. कुल यांत्रिक ऊर्जा संरक्षित रहती है, जिससे त्वरण आवश्यक हो जाता है।

✗ C. गुरुत्वाकर्षण बल के लिए गति इतनी अधिक है कि वह स्थिर वेग बनाए नहीं रख सकता।

✓ D. गति की दिशा प्रत्येक बिंदु पर निरंतर बदलती रहती है, अर्थात वेग परिवर्तित हो रहा है।

**Q.22** क्या होता है जब एक नैफ्थलीन बॉल को खुली जगह में धातु की प्लेट में जला दिया जाता है?

**Ans**

✗ A. यह धातु की प्लेट पर बिना किसी निक्षेप के पीली ज्वाला के साथ जलता है।

✗ B. यह धातु की प्लेट पर काले कज्जली निक्षेप के साथ नीली ज्वाला के साथ जलता है।

✗ C. यह नीली ज्वाला के साथ जलता है।

✓ D. यह धातु की प्लेट पर काले कज्जली निक्षेप के साथ पीली ज्वाला के साथ जलता है।

**Q.23** प्रजनन के दौरान, DNA प्रतिकृति बनाना क्यों महत्वपूर्ण है?

**Ans**

✗ A. श्वसन के लिए

✗ B. पाचन के लिए

✗ C. रूधिर परिसंचरण के लिए

✓ D. लक्षणों की वंशागति के लिए

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, मछली संवर्धन (Culture Fishery) शब्द का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

**Ans**

✗ A. कृत्रिम संसाधनों से मछलियां पकड़ना

✗ B. समुद्री जल से मछलियां पकड़ना

✓ C. मछलियों का पालन

✗ D. प्राकृतिक संसाधनों से मछलियां पकड़ना

**Q.25** क्लोरीन का आंशिक परमाणु द्रव्यमान (fractional atomic mass) निम्नलिखित में से किसके कारण होता है?

**Ans**

✗ A. इसकी यौगिक प्रकृति

✗ B. प्रायोगिक त्रुटि

✗ C. आयनों की उपस्थिति

✓ D. समस्थानिकों की उपस्थिति

## Section : **Mathematics**

**Q.26** तीन पाइप, A, B और C, एक खाली टैंक को क्रमशः 40 मिनट, 20 मिनट और 30 मिनट में पूरा भर सकते हैं। जब टैंक खाली होता है, तो तीनों पाइप खोल दिए जाते हैं। A, B और C क्रमशः रासायनिक विलयन P, Q और R डिस्चार्ज करते हैं। 9 मिनट के बाद टैंक के द्रव में विलयन Q का अनुपात कितना है?

**Ans**

✗ A. $\frac{3}{13}$

✓ B. $\frac{6}{13}$

✗ C. $\frac{3}{4}$

✗ D. $\frac{7}{13}$

Q.27 सोनिया की शादी 15 वर्ष पहले हुई थी। उसकी वर्तमान आयु उसकी शादी के समय की आयु का 8/5 गुना है। उसकी शादी के समय उसकी बहन उससे 8 वर्ष छोटी थी। उसकी बहन की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 40 वर्ष
- ✓ B. 32 वर्ष
- ✗ C. 24 वर्ष
- ✗ D. 28 वर्ष

Q.28 यदि p = 6, q = –3 है, तो $p^3 - 3p^2 + 3p + 3q + 3q^2 + q^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 61
- ✗ B. –61
- ✗ C. –117
- ✓ D. 117

Q.29 यदि $\tan\theta = \frac{12}{5}$, तो $\sec\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{13}{12}$
- ✗ B. $\frac{5}{13}$
- ✗ C. $\frac{12}{5}$
- ✓ D. $\frac{13}{5}$

Q.30 $\frac{1}{20}, \frac{10}{40}$ का कितना प्रतिशत है?

Ans
- ✗ A. 40%
- ✓ B. 20%
- ✗ C. 30%
- ✗ D. 35%

Q.31 एक कक्षा के 26 छात्रों की औसत आयु 26 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 27 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 53
- ✗ B. 50
- ✗ C. 57
- ✗ D. 54

Q.32 325 m लंबी एक रेलगाड़ी 5 km/hr की चाल से समान दिशा में चल रहे एक व्यक्ति को 45 सेकंड में पार कर जाती है। इस रेलगाड़ी को विपरीत दिशा में 20 km/hr की चाल से चल रही 440 m लंबी एक अन्य रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
- ✓ A. 54
- ✗ B. 40
- ✗ C. 51
- ✗ D. 52

**Q.33** स्मृति 21 km/hr की चाल से एक शॉपिंग मॉल जाती है और 69 km/hr की चाल से वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 30.3
- ✗ B. 40.2
- ✗ C. 23.4
- ✓ D. 32.2

**Q.34** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात, 3 : 2 के तुल्य है?

**Ans**
- ✗ A. 53 : 38
- ✗ B. 51 : 37
- ✓ C. 54 : 36
- ✗ D. 52 : 34

**Q.35** समान MRP वाली एक जैसी वस्तुओं पर '6 खरीदें, 4 मुफ़्त पाएं' जैसी स्कीम पर _____% की छूट प्राप्त होती है।

**Ans**
- ✗ A. 67.67
- ✗ B. 66.67
- ✗ C. 41
- ✓ D. 40

**Q.36** $$\frac{[3\frac{1}{4} \div \{1\frac{1}{4} - 0.5(2\frac{1}{2} - \frac{1}{12})\}]}{5 \times \frac{1}{15}}$$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 234
- ✗ B. 134
- ✗ C. 434
- ✗ D. 334

**Q.37** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 18 और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 1512 है। यदि उनमें से एक संख्या 126 है, तो इन संख्याओं के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 216
- ✗ B. 126
- ✗ C. 256
- ✓ D. 90

**Q.38** उत्तल पंचभुज के शीर्ष (क्रम में) P(0,0), Q(6,0), R(8,3), S(4,7), T(0,4) हैं। पंचभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 36 वर्ग इकाई
- ✗ B. 42 वर्ग इकाई
- ✓ C. 39 वर्ग इकाई
- ✗ D. 45 वर्ग इकाई

**Q.39** सांख्यिकी की अंतिम परीक्षा में 100 में से 21 विद्यार्थियों के अंक इस प्रकार हैं: 90, 95, 95, 94, 90, 85, 84, 83, 85, 81, 92, 93, 82, 78, 79, 81, 80, 82, 85, 76, 85। इन आंकड़ो का बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 87
- ✗ B. 84
- ✗ C. 83
- ✓ D. 85

Q.40 एक धातु की छड़ को तीन भागों, A, B और C, में विभाजित किया गया है। A और B की लंबाइयों का अनुपात 9 : 20 है, तथा C और B की लंबाइयों का अनुपात 5 : 11 है। यदि A और C की लंबाइयों के बीच का अंतर 10 cm है, तो धातु की छड़ की कुल लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4202
- ✗ B. 4180
- ✓ C. 4190
- ✗ D. 4199

Q.41 यदि किसी संख्या के 20% को 90 में जोड़ा जाता है, तो परिणाम में वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 80% कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 110
- ✗ B. 100
- ✗ C. 120
- ✓ D. 90

Q.42 एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक टीवी की कीमत से 40% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 52% बढ़ जाती है और टीवी की कीमत 76% कम हो जाती है, तो 5 वॉशिंग मशीन और 2 टीवी की कुल कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा?

Ans
- ✓ A. 0.8% की वृद्धि
- ✗ B. 2% की कमी
- ✗ C. 5% की वृद्धि
- ✗ D. 3% की कमी

Q.43 एक फल विक्रेता ने 150 आम खरीदे। उसने उन्हें ऐसी कीमत पर बेचा कि 120 आमों का विक्रय मूल्य, 150 आमों के क्रय मूल्य के बराबर हो गया। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 25%
- ✗ B. 30%
- ✗ C. 35%
- ✗ D. 20%

Q.44 A और B मिलकर किसी कार्य को 6 दिनों में कर सकते हैं। B अकेले उसी कार्य को 12 दिनों में कर सकता है। A अकेले उसी कार्य का दोगुना करने में कितना समय (दिन में) लेगा?

Ans
- ✗ A. 27
- ✗ B. 12
- ✓ C. 24
- ✗ D. 25

Q.45 एक बर्तन का 2/5 भाग नीले द्रव से भरा है, शेष बर्तन का एक-तिहाई भाग काले द्रव से भरा है, शेष बर्तन का 5/6 भाग पीले द्रव से भरा है तथा शेष 4.2 लीटर सफेद द्रव है। बर्तन की कुल धारिता ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 60 लीटर
- ✗ B. 78 लीटर
- ✓ C. 63 लीटर
- ✗ D. 72 लीटर

Q.46 एक वस्तु ₹8,900 में खरीदी गई। इसका मूल्य 40% अधिक अंकित किया गया। इसके बाद, इसे अंकित मूल्य पर 5% की छूट पर बेचा गया। इस सौदे पर लाभ प्रतिशत कितना था?

Ans
- ✓ A. 33%
- ✗ B. 32%
- ✗ C. 34%
- ✗ D. 35%

**Q.47** आयत ABCD के अंदर कोई बिंदु P है। यदि PA = 98 cm, PB = 91 cm और PC = 21 cm, तो PD की लंबाई (cm में) ..................है।

**Ans**
- ✗ A. 46
- ✓ B. 42
- ✗ C. 38
- ✗ D. 41

**Q.48** एक ठोस लंबवृत्तीय बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 542 $cm^2$ है। इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल इसके संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का दो-पांचवें भाग के बराबर है। बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 315.4 cm2
- ✓ B. 216.8 cm2
- ✗ C. 513.2 cm2
- ✗ D. 212.5 cm2

**Q.49** ₹6,800 की राशि पर वर्षिक रूप से संयोजित 15% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से, 2 वर्षों में वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹9,393
- ✗ B. ₹8,641
- ✓ C. ₹8,993
- ✗ D. ₹7,996

**Q.50** यदि $\triangle \times 2.2 + 0.33 \times \frac{3}{4} - \frac{1}{20} \times 0.55 = 0.99$ है, तो $\triangle$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 0.35
- ✗ B. 0
- ✗ C. 0.25
- ✗ D. 1

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.51** O, P, Q, R, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
P के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। W और X के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, O के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Y, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
Q के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

**Q.52** दी गई भृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

616 610 612 606 608 ?

**Ans**
- ✗ A. 603
- ✓ B. 602
- ✗ C. 604
- ✗ D. 601

Q.53 UI 12 का संबंध एक निश्चित तरीके से YK -2 से है। उसी प्रकार, OL 9 का संबंध SN -5 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PQ 15 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. ST 3
- ✗ B. SS 1
- ✗ C. TT 3
- ✓ D. TS 1

Q.54 सात व्यक्ति B, C, D, I, J, K और L, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और K के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, I के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। L के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✓ D. चार

Q.55 अजय बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 16 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 8 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 7 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 8 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है, और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✗ A. पूर्व की ओर 16 km
- ✗ B. पश्चिम की ओर 11 km
- ✓ C. पूर्व की ओर 25 km
- ✗ D. उत्तर की ओर 7 km

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में, 'OVAL' को '5294' और 'LOVE' को '8549' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 9
- ✓ C. 8
- ✗ D. 5

Q.57 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 5 8 8 5 4 7 7 4 2 7 9 2 2 5 7 4 8 8 2 1 8 9 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

Ans
- ✓ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.58 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

991 989 985 979 971 ?

Ans
- ✗ A. 963
- ✗ B. 969
- ✗ C. 967
- ✓ D. 961

**Q.59** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोटः संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(14 , 42, 3)
(12, 60, 5)

**Ans**
- ✗ A. (16, 42, 2)
- ✓ B. (13 , 39 , 3)
- ✗ C. (15, 45, 4)
- ✗ D. (11, 55, 6)

**Q.60** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

61 85 109 133 157 ?

**Ans**
- ✗ A. 183
- ✗ B. 185
- ✗ C. 179
- ✓ D. 181

**Q.61** मधुर अपनी कक्षा में ऊपर से 58वें स्थान पर और नीचे से 6वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ A. 62
- ✗ B. 64
- ✗ C. 61
- ✓ D. 63

**Q.62** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)

(बाएं) 2 8 2 3 2 7 9 3 5 4 6 8 9 4 4 7 8 7 5 4 3 5 5 6 2 9 8 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✗ B. 5
- ✓ C. 3
- ✗ D. 6

**Q.63** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन :
कुछ हैट, कैप हैं।
कोई कैप, बनियान नहीं है।

निष्कर्षः
(I) कुछ हैट, बनियान हैं।
(II) कुछ कैप, हैट हैं।

**Ans**
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.64 एक निश्चित कूट भाषा में, 'house sip head' को 'bm ma px' और 'head wood robot' को 'pz bm ey' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'head' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✗ A. ma
- ✗ B. pz
- ✓ C. bm
- ✗ D. px

Q.65 दी गई संख्या और चिह्न श्रृंखला को देखकर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है। सभी संख्याएँ एक अंकीय हैं।

(बाएं) 8 $ 3 Ω 9 % 4 6 7 1 * £ 5 # 2 + @ & (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अन्य प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 3
- ✗ C. 1
- ✓ D. 2

Q.66 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 4 6 5 8 2 2 1 8 2 9 8 4 7 4 8 2 4 3 1 4 1 2 7 2 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद में भी एक पूर्ण वर्ग है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✗ C. एक
- ✓ D. चार

Q.67 एलेक्स बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 8 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है, बाएं मुड़ता है और 17 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 9 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. उत्तर में 8 km
- ✗ B. दक्षिण में 7 km
- ✗ C. दक्षिण में 8 km
- ✓ D. उत्तर में 7 km

Q.68 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन :
कुछ पिज़्ज़ा, कपकेक हैं।
सभी बन, कपकेक हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पिज़्ज़ा, बन हैं।
(II) सभी कपकेक, बन हैं।

Ans
- ✓ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.69** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
HBE22 ICF29 JDG36 KEH43 ?

**Ans**
- ✗ A. LFI51
- ✓ B. LFI50
- ✗ C. LFJ51
- ✗ D. LFJ50

**Q.70** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाईं ओर केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। B के बाईं ओर केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। G और E का निकटतम पड़ोसी F है। C, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
G के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✓ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

**Q.71** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह '?' के स्थान पर क्या आएगा?

15 A 3 B 10 C 8 D 12 = ?

**Ans**
- ✗ A. 45
- ✗ B. 44
- ✓ C. 46
- ✗ D. 47

**Q.72** RR 4 एक निश्चित तरीके से UQ −14 से संबंधित है। इसी प्रकार II 8, LH −10 से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, MO 12 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ A. NH 9
- ✓ B. PN −6
- ✗ C. HY −5
- ✗ D. GT −2

**Q.73** यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

173 − 3 ÷ 282 + 164 × 4 = ?

**Ans**
- ✓ A. 760
- ✗ B. 769
- ✗ C. 766
- ✗ D. 761

**Q.74** अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. NRL
- ✗ B. GKE
- ✗ C. LPJ
- ✓ D. OSN

Q.75 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'O + P # T @ G - V' है, तो O का V से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की बहन
- ✗ B. पत्नी के पिता की माता
- ✓ C. पत्नी के पिता की बहन
- ✗ D. पत्नी की माता

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. UTR
- ✗ B. IHF
- ✓ C. ZZW
- ✗ D. NMK

Q.77 यदि + का अर्थ –है , – का अर्थ × है , × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

84 – 6 ÷ 371 + 648 × 8 = ?

Ans
- ✗ A. 795
- ✓ B. 794
- ✗ C. 797
- ✗ D. 799

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RJV QIU PHT OGS ?

Ans
- ✗ A. PHT
- ✗ B. NHT
- ✓ C. NFR
- ✗ D. PFR

Q.79 राधिका अपनी कक्षा में ऊपर से 21वें स्थान पर और नीचे से 7वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✓ A. 27
- ✗ B. 28
- ✗ C. 19
- ✗ D. 20

Q.80 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

URIC - CRUI - RIUC
KIDS - SIKD - IDKS

Ans
- ✗ A. MALE - AMLE - EALM
- ✗ B. OPEN - OEPN - NEPO
- ✗ C. NAVY - YANV - VANY
- ✓ D. FADE - EAFD - ADFE

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 30 जून 2025 को रासायनिक फैक्ट्री में विस्फोट कहाँ हुआ था?

Ans
- ✗ A. निजामाबाद
- ✗ B. वारंगल
- ✗ C. विजयवाड़ा
- ✓ D. संगारेड्डी

Q.82 भारत ने फाइनल में किस देश को हराकर ICC महिला U19 T20 विश्व कप 2025 जीता?

Ans
- ✗ A. इंगलैंड
- ✗ B. श्रीलंका
- ✗ C. ऑस्ट्रेलिया
- ✓ D. दक्षिण अफ्रीका

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार, 22 भाषाओं के बाल पुस्तक लेखकों को मान्यता देता है?

Ans
- ✓ A. साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार
- ✗ B. पद्म श्री
- ✗ C. बाल साहित्य पुरस्कार
- ✗ D. साहित्य रत्न

Q.84 भारत सरकार द्वारा घोषित, 7 जुलाई 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में कितने बायोटेक स्टार्टअप हैं, जबकि एक दशक पहले इनकी संख्या केवल 50 थी?

Ans
- ✗ A. 7000
- ✗ B. लगभग 9000
- ✓ C. लगभग 11,000
- ✗ D. 8050

Q.85 2025 में विमोचित पुस्तक 'टेस्ट क्रिकेट: ए हिस्ट्री (Test Cricket: A History)' के लेखक कौन हैं?

Ans
- ✓ A. टिम विगमोर (Tim Wigmore)
- ✗ B. रामचंद्र गुहा (Ramachandra Guha)
- ✗ C. गिदोन हैघ (Gideon Haigh)
- ✗ D. माइकल एथरटन (Michael Atherton)

Q.86 2025 में, महाराष्ट्र के किस शहर ने सैनिटरी और बायोमेडिकल अपशिष्ट का 100% पृथक्करण, संग्रहण और प्रसंस्करण हासिल किया है, और प्रतिदिन औसतन 300 से 350 kg सैनिटरी अपशिष्ट का प्रबंधन कर रहा है?

Ans
- ✗ A. पुणे
- ✗ B. नागपुर
- ✗ C. नासिक
- ✓ D. कराड

Q.87 24 मई 2025 को, किस उच्च न्यायालय के आदेश को सर्वोच्च न्यायालय ने पलट दिया और फैसला सुनाया कि तीसरे बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश (maternity leave) से इनकार करना एक महिला के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है, जो उसकी गरिमा और प्रजनन स्वतंत्रता को मजबूत करता है?

Ans
- ✗ A. इलाहाबाद उच्च न्यायालय
- ✗ B. हैदराबाद उच्च न्यायालय
- ✗ C. बॉम्बे उच्च न्यायालय
- ✓ D. मद्रास उच्च न्यायालय

Q.88 मई 2025 में जिनेवा में आयोजित 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा, 2025 (World Health Assembly, 2025) की थीम क्या थी?

Ans
- ✗ A. सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज: एक वैश्विक आवश्यकता (Universal Health Coverage: A Global Need)
- ✗ B. वैश्विक स्वास्थ्य में समानता को बढ़ावा देना (Advancing Equity in Global Health)
- ✓ C. स्वास्थ्य के लिए एक विश्व (One World for Health)
- ✗ D. सभी के लिए स्वास्थ्य: लचीली प्रणालियों का निर्माण (Health for All: Building Resilient Systems)

Q.89 मई 2025 में रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली स्थित रिसर्च कंसल्टेंसी, क्लाइमेट ट्रेंड्स (Climate Trends) द्वारा किए गए अध्ययन में, 2000-2023 तक हिमालयी हिमनदों के NASA उपग्रह डेटा की जांच की गई, ताकि हिमालयी बर्फ पर निम्नलिखित में से किसके प्रभाव का मूल्यांकन किया जा सके?

Ans
- ✗ A. ओजोन
- ✓ B. ब्लैक कार्बन
- ✗ C. खनिज धूल कण
- ✗ D. सल्फेट ऐरोसॉल

Q.90 किस भारतीय मंत्रालय ने 6-km रिज़ॉल्यूशन के साथ मौसम पूर्वानुमान प्रदान करने के लिए 26 मई 2025 को भारत पूर्वानुमान प्रणाली (BFS) लॉन्च किया?

Ans
- ✗ A. रक्षा मंत्रालय
- ✓ B. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
- ✗ C. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
- ✗ D. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

Q.91 भारत ने 2025 में, निम्नलिखित में से किस प्रतीक के सबसे बड़े मानव निर्माण के लिए एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?

Ans
- ✗ A. हृदय आकार
- ✗ B. ओलंपिक रिंग्स
- ✓ C. अशोक चक्र
- ✗ D. शांति प्रतीक

Q.92 मई 2025 में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था (Ageing with Dignity)' कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सी नई डिजिटल सुविधा का शुभारंभ किया गया?

Ans
- ✗ A. वरिष्ठ नागरिक सेवाओं के लिए वन-स्टॉप पोर्टल
- ✗ B. वरिष्ठ नागरिकों के लिए रोज़गार कार्यालय पोर्टल
- ✗ C. डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्लेटफ़ॉर्म
- ✓ D. वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल

Q.93 भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने जून 2025 में जनता को अपने कार्यों के बारे में समझाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी डॉक्यूमेंट्री लॉन्च की?

Ans
- ✗ A. फाइनेंसियल लिटरेसी A2Z (Financial Literacy A2Z)
- ✗ B. RBI: मनी सिम्प्लीफाइड (RBI: Money Simplified)
- ✗ C. माय RBI स्टोरी (My RBI Story)
- ✓ D. RBI अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी (RBI Unlocked: Beyond the Rupee)

Q.94 गुकेश के अलावा, किस शतरंज खिलाड़ी को 2025 में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ?

Ans
- ✗ A. हरिका द्रोणावल्ली (Harika Dronavalli)
- ✓ B. वंतिका अग्रवाल (Vantika Agrawal)
- ✗ C. पेंटाला हरिकृष्णा (Pentala Harikrishna)
- ✗ D. कोनेरू हम्पी (Koneru Humpy)

**Q.95** जून 2025 में कौन-सा राज्य, उल्लास (ULLAS) - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्ण कार्यशील साक्षर के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाला तीसरा भारतीय राज्य बन गया?

**Ans**
- ✔ A. त्रिपुरा
- ✘ B. असम
- ✘ C. कर्नाटक
- ✘ D. तेलंगाना

**Q.96** निम्नलिखित में से किसने 16 जून 2025 को नए परिसर का उद्घाटन करते हुए अपना आंध्र प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय विजयवाड़ा स्थानांतरित कर दिया?

**Ans**
- ✘ A. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
- ✘ B. बैंक ऑफ बड़ौदा
- ✔ C. भारतीय रिजर्व बैंक
- ✘ D. भारतीय जीवन बीमा निगम

**Q.97** जनवरी 2025 में, सबसे अधिक अर्जुन पुरस्कार प्राप्तकर्ता निम्नलिखित में से किस खेल से थे?

**Ans**
- ✘ A. हॉकी
- ✘ B. शूटिंग
- ✘ C. एथलेटिक्स
- ✔ D. पैरा-एथलेटिक्स

**Q.98** अप्रैल 2025 में, इंडियाएआई मिशन (IndiaAI Mission) के तहत भारत का पहला सॉवरेन इंडिक एलएलएम (sovereign Indic LLM) बनाने के लिए किस स्टार्टअप का चयन किया गया था?

**Ans**
- ✔ A. सर्वम AI (Sarvam AI)
- ✘ B. AI4 भारत (AI4 Bharat)
- ✘ C. पीपल+AI (People+AI)
- ✘ D. वाधवानी AI (Wadhwani AI)

**Q.99** जनवरी 2025 में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा आयोजित सुशासन पर राष्ट्रीय सम्मेलन निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✘ A. भोपाल
- ✔ B. गांधीनगर
- ✘ C. जयपुर
- ✘ D. वाराणसी

**Q.100** 16 मई 2025 को, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार द्वारा किन वर्षों में पारित पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंज़ूरी के आदेशों को अमान्य कर दिया?

**Ans**
- ✘ A. 2006 और 2011
- ✘ B. 2009 और 2015
- ✔ C. 2017 और 2021
- ✘ D. 2012 और 2014

"